एक नजर में

स्वच्छता स्वाभिमान कार्यशाला में सेक्टर अधिकारी सुपरवाइजर, सफाई कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश में नगरीय निकायों में श्स्वच्छता स्वाभिमान अभियानश् के तहत विशेष कार्यशालाएं और स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किए जा रहे हैं। बुरहानपुर नगर निगम में सफाई मित्रों ;सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई है। सफाई मित्रों का स्वास्थ्य सुरक्षा प्रशिक्षण और सम्मान। स्वच्छता को स्वभाव बनाने और सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता। इस प्रकार की कार्यशालाएं नगर निगम में स्वच्छाग्रहियों को प्रेरित करने और नगरों को स्वच्छ रखने के लिए आयोजित की जा रही हैं

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा सफाई मित्रो के लिए स्वच्छता स्वाभिमान कार्यशाला के अंतर्गत स्वास्थ्य संबंधित जानकारी देने के लिए दोपहर में 2.30 से 3.30 बजे ऑनलाइन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मध्यप्रदेश के सभी निकाय के साथ मे बुरहानपुर निगम डष्ब् हॉल से अपने सफाई मित्रो के साथ मे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जुडकर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.प्रोफेसर एस.के.पटने, गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण में शामिल होकर इसका लाभ लिया, इस प्रशिक्षण में डॉ.साहब द्वारा सफाई मित्रो को कार्य के समय मास्क लगाने , हाथों में दस्ताने पहनने ,किट पहनकर कार्य करने और आवश्यक सावधानियां एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य विषय पर विस्तार से जानकारी के साथ ओर भी अन्य सुझाव दिए प्रशिक्षण सत्र के दौरान नगर निगम के सफाई मित्रों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की और कार्य के दौरान अपनाई जाने वाली सुरक्षा उपायों एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण पहलुओं को समझा। इस कार्यशाला का उद्देश्य सफाई कर्मचारियों को उनके कार्य के प्रति जागरूक करना तथा उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करना था। इस कार्यशाला में सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा,सहायक आयुक्त आरती ग्रेवाल, टीम,सेक्टर अधिकारी, वार्ड सुपरवाइजर, रामेश्वर महाजन मोहित एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे ।

महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर कांग्रेस नेताओं ने किया माल्यार्पण

बुरहानपुर। महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर माली समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारिओ ने माल्यार्पण कर महात्मा ज्योतिबा फुले को नमन किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष रिंकु टाक , निगम अध्यक्ष अनीता यादव,कांग्रेस महामंत्री आशीष भगत, अजय रघुवंशीए कैलाश यावतकर, किशोर महाजन, सुधाकर महाजन, नानू महाजन आदि उपस्थित थे।

होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ ने विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया

बुरहानपुर। विश्व होम्योपैथी दिवस को डॉ.सैमुअल हैनीमेन साहब के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है स प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ शाखा बुरहानपुर द्वारा डॉ.सैमुअल हैनीमैन का 271 वा जन्मदिवस बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया स सर्व प्रथम डॉ.हैनीमैन के चल चित्र पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.भूषण पाटील द्वारा पुष्प माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसमें बुरहानपुर होमियोपैथी डॉक्टर्स एसोसिएशन जिला अध्यक्ष डॉ. सुबोध पाटील ने अपने उद्बोधन में होम्योपैथी चिकित्सा विकास और विस्तार पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.अर्जुन आकोले ने अपने उद्बोधन में कहा कि होम्योपैथी औषधियों का उचित प्रयोग प्रशिक्षित चिकित्सक के माध्यम में ही करना चाहिए। जबकि आजकल सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से रोग के नाम पर औषधियों के फार्मूले सुन व पढ़ कर आम जनमानस स्वयं भी प्रयोग करने लगते हैं क्योंकि इसके दुष्परिणामों की संभावनाएं न्यूनतम या नहीं के बराबर है स इसलिए कई बार लाभ हो सकता है किंतु उचित उपचार के लिए योग्य चिकित्सक का मार्गदर्शन ही श्रेष्ठ रहता है स इस कार्यक्रम में महासंघ के पदाधिकारी प्रदेश संगठन सचिव डॉ.अरुण भोलाणकर, डॉ.विजय महाजन, डॉ.भागवत महाजन ,डॉ.दिलीप महाजन, डॉ.मधुकर महाजन,डॉ. प्रकाश चौधरी,डॉ.महेंद्र दवे, डॉ. ऋषभ जैन, डॉ.जितेन्द्र ससाने, डॉ.मनीष खडकोदकर,डॉ. तरुण चौकसे आदि चिकित्सकों ने अपना शत् प्रतिशत योगदान दिया।

शिक्षा की राह हुई आसान : जैनाबाद स्कूल में छात्र-छात्राओं को किया साइकिल वितरण

बुरहानपुर। शासकीय हिंदी माध्यम शाला जैनाबाद में शासन के निर्देशानुसार पात्र विद्यार्थियों को साइकिल वितरण कार्यक्रम उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अनिल राठौर एवं जनप्रतिनिधि डिगम्बर कुशवाह तथा देवलाल प्रजापति की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए नियमित विद्यालय आने एवं अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि साइकिल योजना विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। साइकिल प्राप्त कर विद्यार्थियों के चेहरों पर प्रसन्नता स्पष्ट दिखाई दी। विद्यार्थियों ने शासन एवं विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शाला के शिक्षक अनंत पंसारी, संतोष निम्भोरे, किरण काले,चारुलता जोशी, निना नामदेव,विठ्ठल कुशवाह,कृष्णा महाजन, विजय वासने,प्रमोद महाजन,मदन मौर्या सहित अन्य शिक्षक.शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

ज्योतिबा फुले ने समानता और शिक्षा के लिए जीवन किया समर्पित : पटेल

ज्योतिबा फुले जयंती पर महापौर ने प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के पावन अवसर पर आज नगर निगम की महापौर माधुरी अतुल पटेल ने शनवारा चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर समाजजनों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर माधुरी पटेल ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज में समानताए शिक्षा और न्याय के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए जो कार्य किए,वे आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं।

महापौर ने कहा कि हमें उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज में शिक्षा का प्रसारए समान अवसर और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक शिक्षा और सम्मान नहीं पहुंचेगाए तब तक वास्तविक विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित समाजजनों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी महात्मा फुले के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा और सम्मान का वातावरण बना रहा।

महापौर श्रीमती पटेल ने सभी से अपील की कि हम सभी मिलकर एक ऐसे समाज के निर्माण के लिए कार्य करें, जहां हर व्यक्ति को समान अधिकार, सम्मान और आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त हो कृ यही महात्मा ज्योतिबा फुले को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने ने भी महान समाज सुधारक, शिक्षा के अग्रदूत एवं सामाजिक समरसता के प्रणेता महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 199वीं जयंती के पावन अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.मनोज माने जी ने माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में निगम महापौर माधुरी अतुल पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज माने, पूर्व महापौर अनिल भोंसले, एम आई सी सदस्य धनराज महाजन, महामंत्री चिंतामन महाजन, कैलाश जीपारीक, गजेंद्र पाटिल ,उदेश्य ज्ञानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पक्षियों के लिए पानी के सकोरे बांटे

नवभारत न्यूज,बुरहानपुर। उड़ान लिनेस क्लब बुरहानपुर की ओर से क्लब के सदस्यों ने दिनांक 9 अप्रैल 2026 को शाम में मरीचिका गार्डन में जाकर गर्मी को देखते हुए पक्षियों को पानी पीने हेतु मरीचिका गार्डन में आए हुए सदस्यों को सिकोरे भेंट किये और उन्हें समझाइश दी गई, की सभी अपने अपने घर जाकर घर कीखिड़कियों में और छत पर पानी के सिकोरे रख उनमे पक्षियों के लिए दाना पानी भरकर रखे। इस कार्यक्रम में क्लब की फाउंडर और संस्थापक श्रीमती रफत आसिफ खान क्लब अध्यक्ष, सरोज ठाकुर उपाध्यक्ष, इशरत सिद्दीकी सचिव, माधवी सोनोने कोषाध्यक्ष, एकता शिवहरे, श्रीमती मंगला दुबे, अंजू कट्टरवार, श्रीमती नीना गुप्ता आदि उपस्थित थे।

सुरक्षित मातृत्व के लिए जागरूकता-स्वास्थ्य सेवाओं पर जोर

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर सीएमएचओ डॉ.आर.के.वर्मा के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय बुरहानपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान एएनसी ओपीडी में गर्भवती महिलाओं का नि:शुल्क शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों, पोषण, नियमित जांच एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.रेहाना बोहरा ने गर्भावस्था में एनीमिया, हाई ब्लड प्रेशर, सूजन एवं अन्य जटिलताओं के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने परिजनों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समय पर जांच और देखभाल से जटिलताओं से बचा जा सकता है।

इसी कड़ी में डॉ.सरिता द्वारा सुरक्षित प्रसव हेतु संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, तनावमुक्त जीवनशैली और नियमित स्वास्थ्य जांच पर जोर दिया गया। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ.नयन मालवीय ने गर्भवती महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि तनाव और चिंता से दूर रहना माँ और शिशु दोनों के लिए आवश्यक है। कार्यक्रम के डॉ.एल.डी.एस. फूंकवाल ;डीएचओ ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं,नि:शुल्क जांच, उपचार एवं आर्थिक सहायता की जानकारी देते हुए गर्भवती महिलाओं को इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिजनों को सुरक्षित मातृत्व के लिए आवश्यक सावधानियों, नियमित जांच के महत्व तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य. सुरक्षित मातृत्व के लिए जागरूकता बढ़ाना एवं गर्भवती महिलाओं को शारीरिक मानसिक भावनात्मक रूप से सशक्त बनानाए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना है एवं गर्भवती माता को संपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को गुणवत्ता के साथ उपलब्ध कराना है।

सर्वाइकल कैंसर के बारे में स्कूली छात्राओं को दी जानकारी

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन नई दिल्ली द्वारा 28 फरवरी से देश में सर्वाइकल केंसर की रोकथाम हेतु एचपीव्ही टीकाकरण अभियान पुरे देश में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों से शुभारम्भ हुआ है।

इसी परिपेक्ष में म.प्र.स्वास्थ्य मिशन के द्वारा जारी परिपत्र अनुसार जिले के कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेंद्र वर्मा के मार्ग दर्शन में, इस अभियान के जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ वाई बी शास्त्री व जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के सहयोग व् स्वास्थ्य विभाग की सम्पूर्ण टीम के माध्यम से इस जिले में टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए चरण बद्ध स्कूल में, आंगन वाड़ी में टीकाकरण अभियान उन किशोरी बालिकाओ के लिए चल रहा है जिन्होंने अपनी उम्र का 14 वर्ष पूर्ण कर लिया है एवं 15 वर्ष की बिच की सभी बालिकाओ को सर्वाइकल केंसर से बचाव हेतु टीकाकरण अभियान हेतु जगह जगह जाकर जनजाग्रति फैलाकर इस अभियान को सफल बनाने का प्रयास व् आव्हान किया जा रहा है।

इस अभियान के अंतर्गत आज सावित्री बाई फुले शासकीय कन्या उ.मा.विद्यालय एवं अबू अयूब अंसारी शाला अंसार नगर में जाकर जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक एवं संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन,संस्था अध्यक्ष डॉ.किरण सिंह, स्वास्थ्य विभाग बुरहानपुर के सुशांत रिबेनकर, प्रभारी सुपर वाईजर अशफाक अंसारी के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग की सिस्टर, आशा कार्यकर्ता , आँगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनजाग्रति के साथ टीकाकरण भी किया जा रहा है। जनजाग्रति संस्था बुरहानपुर के संरक्षक एवं संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन ने कहा की इस अभियान की सफलता तभी है जब तक इस देश की हर कौम की 14 वर्ष से 15 वर्ष के बिच की किशोरी बालिका, टीकाकरण अभियान में आकर टिका लगाकर अपने आपको सुरक्षित रखते हुए देश के विकास में सहायक बने यही इस टीकाकरण का उदेश्य है क्योकि जब राष्ट्र स्वस्थ्य होगा तब देश उन्नति करेगा। जानकारी टीकाकरण अधिकारी डॉ वाई बी शास्त्री ने दी।

डॉ . अम्बेडकर सामाजिक न्याय के महान प्रतीक . . .

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस पंडित जवाहरलाल नेहरू शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नेपानगर में डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में एक प्रेरक विचार गोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ मनीषा साकल्ले के निर्देशन व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

शुभारंभ डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डॉ अम्बेडकर के जीवन, संघर्ष, विचारों,भारतीय संविधान के निर्माण में उनके योगदान से अवगत कराना था। प्राचार्य डॉ मनीषा साकल्ले ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ अम्बेडकर सामाजिक न्याय, समानता और शिक्षा के महान प्रतीक हैं, जिनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राजू सपकाले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ अम्बेडकर का जीवन संघर्ष और आत्मसम्मान का प्रेरणादायी उदाहरण है तथा शिक्षा ही समाज परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है।

इस अवसर पर प्रो चन्द्रपाल सिंह रावत, प्रो योहन परिहार, डॉ विवेक दुबे, प्रो राजेन्द्र सिसोदिया ने भी डॉ अम्बेडकर के विचारों पर अपने सारगर्भित व प्रेरणादायी वक्तव्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में छात्रा भूमिका ने अत्यंत प्रभावशाली, ज्ञानवर्धक भाषण प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार डॉ अम्बेडकर के नेतृत्व में भारतीय संविधान का निर्माण हुआ तथा उसमें समानताए न्याय और स्वतंत्रता के मूल्यों को समाहित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा भाषणए निबंधए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ संजीव सपकाले, प्रो कविता सेठी, प्रो विकास पंवार, डॉ श्रुति महाजन, महेंद्र निम्बालकर, नरेन्द्र नागले, विवेक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में सभी ने डॉ अम्बेडकर के आदर्शों को अपनाते हुए समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ राजू सपकाले द्वारा किया गया। आभार डॉ संजीव सपकाले द्वारा माना गया।

कलम जब झुककर चलती है तभी साफ और सुंदर लिख पाती है : आदित्य भाई मुखिया

जीवन में जो इंसान झुकना सीख जाता है वही सबसे बड़ा बन जाता है इंसान . . .

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। श्री गोकुल चंद्रमा जी मंदिर में नंददास अष्टसखा का प्रसंग पर अपने विचार व्यक्त करते हुए आज श्री आदित्य भाई मुखिया जी ने बताया कि नंदन दास को संसार में आ सकती थी जब प्रभु का दर्शन किया तो वह सब आ सकती। एक तरफ हो गई और केवल प्रभु का कीर्तन गान करने लगे आपके भाई श्री तुलसीदास जी थे जब वह नंददास जी से मिलने के लिए गोकुल गए तब नंददास जी उन्हें श्रीनाथजी के दर्शन करने ले गए तब तुलसीदास जी ने श्रीनाथजी को प्रणाम नहीं किया।

तब नंददास में श्रीनाथजी से कहा कि आप धनुष बाण लोगे तो यह प्रणाम करेगा तो श्रीनाथजी ने नंददास की विनती से धनुष बाण हाथ में लिए और तुलसीदास जी को श्री रामचंद्र जी का स्वरूप में दर्शन दिए। कलम जब झुककर चलती है तभी साफ और सुंदर लिख पाती है। ठीक वैसे ही जीवन में जो इंसान झुकना सीख जाता है वही सबसे बड़ा इंसान बन जाता है। यही सत्य है। पैसे की क़ीमत तो चुकाई जा सकती है लेकिन उस भरोसे की कोई कीमत नहीं होती जो किसी ने आप पर तब किया जब आपके पास कुछ नहीं था। एकांत या जंगल में जाकर तपस्या करना शायद सरल हो किंतु परिवार और समाज के बीच रहकर सभी कर्तव्यों का पालन करते हुए धीरज बनाए रखना ही असली तपस्या है। किसी भी चीज की सहज उपलब्धता,उसकी कीमत घटा देती है। अति के बाद, क्षति तय है, हम चाहे जितने बड़े दिग्गज होए इतिहास गवाह है,रावण का ज्ञान, दुर्योधन का बल और कंस का धन सब अति के कारण ही मिट्टी में मिल गए। दीपक में अगर तेल हद से ज्यादा भर दो,तो वो बुझ जाता है, वैसे ही जब इंसान हद पार करता है, तो वो मिट जाता है। पहाड़ की चोटी पर पहुँचने के बाद,अगला कदम नीचे ही आता हैए यही प्रकृति का नियम है। आज आदित्य भाई मुखिया जी का स्वागत आशा बेन साड़ी वाला वर्षा बेन लाड श्याम लाड ने किया। सोमवार को श्री महाप्रभुजी के जन्मोत्सव के शोभायात्रा मंदिर की परिक्रमा मार्ग विट्ठल मंदिर सिंधीपुरा चौराहा दुर्गा मैदान से मंदिर परिसर में नंदमहोत्स्व पश्चात पूरी होंगी।

ज्योतिबा फुले की 199 वीं जयंती मनाई

नवभारत न्यूज,

इच्छापुर। ग्राम इच्छापुर में 199 वीं जयंती श्री ज्योतिबा फू ले साख सहकारी संस्था मर्यादित ईच्छापुर में अध्यक्ष एवं संचालको द्वारा मनाई गई। जिसमे महात्मा ज्योती बा फूले के फोटो पर माल्यार्पणकर द्वीप प्रज्वलीत किया गया।

इस अवसर पर माली समाज के पूर्व अध्यक्ष बाजिराव चौधरी ने माहत्मा ज्योतिबा फूले के जिवन पर अपने विचार रखे। इस मौके पर संस्या अध्यक्ष रघुनाथ चौधरी ,उपाध्यक्ष डॉ अरुण भोलानकर, भागवतराव महाजन, विजय सपकाडे, अप्पा माली, वामनराव मिर्चीवाले, ओम प्रकाश सिंह, प्रबंधक आशिक खान, योगेश महाजन, प्रकाश महाजन, मयूर महाजन आदि गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

एक नजर — भजन, भक्ति और संगीत की सरिता में मग्न नजर आया बुरहानपुर शहर . . .

गोस्वामी 108 श्रीशिशिरकुमारजी महाराज का 75वां प्राकट्य महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। पुष्टिमार्ग के आचार्य शिरोमणि, कांकरोली नरेश तृतीय गृहाधीश पूज्यपाद गोस्वामी 108 श्री शिशिरकुमारजी महाराजश्री का 75वां प्रागट्य दिवस चैत्र वदी 6, बुधवार, 08 अप्रैल को श्री बहुजी महाराज मंदिर, प्रतापपुरा, बुरहानपुर में तीन दिवसीय उत्सव के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

उत्सव का शुभारंभ 7 अप्रैल को श्री लाड़िलेश प्रभु के राजभोग में केसरी घटा मनोरथ से हुआ। 8 अप्रैल को प्रात: 10 बजे मार्कण्डेय पूजा से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात शयन दर्शन में श्री लाड़िलेश प्रभु का बगीचा मनोरथ कर उन्हें स्नेहपूर्वक लाड़ लड़ाया गया।

उसी दिन सायं 7 बजे पंडित सचिन मिश्राजी के नेतृत्व में भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया गया। वल्लभ संप्रदाय आधारित मधुर भजनों की प्रस्तुति ने उपस्थित वैष्णवों को भावविभोर कर दिया। भजन संध्या के पश्चात पूज्य महाराजश्री के केसर स्नान मनोरथ का आयोजन भी सम्पन्न हुआ। इस पावन अवसर पर पू.पा.गो.108 श्री शिशिरकुमारजी महाराजश्री के साथ गो.अ. सौ.शालिनी बहुजी, पू.पा.गो.108 श्री कापिलकुमारजी बावाश्री एवं गो.105 श्री अद्वैयकुमार बावाश्री भी विराजित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं समाज के प्रमुखजनों ने उपस्थित होकर पूज्य महाराजश्री का अभिनंदन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किए।

अपने आशीर्वचन में पूज्य महाराजश्री ने कहा कि कलयुग में अधर्म, अज्ञान, दु:ख एवं मानसिक अस्थिरता का प्रभाव बढ़ रहा है। ऐसे समय में पुष्टिमार्ग का अनुसरण ही जीवन को शांति एवं स्थिरता प्रदान करता है, क्योंकि इसमें भक्ति का आधार भगवद कृपा है और उसी कृपा से भक्त के हृदय में श्रीकृष्ण प्रेम स्फूरित होता है। 9 अप्रैल 2026 को श्री लाड़िलेश प्रभु के नन्दमहोत्सव का मनोरथ रखा गया, जहां वैष्णवों ने उत्साहपूर्वक प्रसाद लूटा और परम आनंद की अनुभूति की। इसी मनोरथ के साथ तीन दिवसीय उत्सव की पूर्णाहुति हुई। उत्सव के अंतर्गत सभी उपस्थित वैष्णवों के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया गया। महाप्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालुओं ने संतोष व्यक्त किया एवं श्री लाड़िलेश प्रभु की कृपा तथा पूज्य महाराजश्री के आशीर्वाद निरंतर बने रहने की मंगलकामना के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।